## (तथ्य पत्रक शुरू अगला)

# इस साइट के बारे में
# जानकारी प्राप्ति जारी रखने हेतु अभी कार्य करें!

DEC का पर्यावरण उपचार प्रभाग [Division of Environmental Remediation (DER)] अब समेकित साइटों के बारे में जानकारी को *इलैक्ट्रॉनिकली ईमेल द्वारा* वितरित करता है।

यदि आप इस तथ्य पत्रक में समेकित साइट विशेषता के बारे में जानकारी प्राप्ति जारी रखना चाहते हैं:

**तो आपको DER ई-मेल लिस्टसर्व के लिए साइनअप करना जरूरी है:**
www.dec.ny.gov/chemical/61092.html



DER आपके ईमेल पता को पंजीकृत नहीं कर सकता - केवल ई-मेल मालिक ही ऐसा कर सकते हैं। यदि आप पहले ही उस देश के लिए लिस्टसर्व के लिए साइनअप कर चुके हैं जहां आप रहते हैं तो आपको अलग से कुछ करने की जरूरत नहीं है।

**"पेपरलैस" क्यों आपनाया जाना चाहिए:**
जल्दी से साइट के बारे में जानकारी प्राप्त करें और इसे आसानी के साथ साझा करें;
चुने हुए काउंटी में उन सभी साइटों के बारे में जानकारी प्राप्त करें - वह पढ़ें जो आप चाहें, शेष को मिटा दें;
इससे पर्यावरण को सुरक्षित बनाने में मदद मिलती है और आपके धन की भी बचत होती है।

**यदि आप "पेपरलैस" विकल्प का चयन करने में सक्षम नहीं हैं, तो आप** , इस तथ्य पत्रक में मान्यता प्राप्त DER प्रोजेक्ट मैनेजर को फोन करें या लिखें। यह दर्शाएं कि आपको डाक से पेपर तथ्य पत्रक की प्रतियां भेजी जाएं। अपने पते में अपनी साइट का नाम भी लिखें। पेपर प्राप्ति का विकल्प केवल व्यक्तियों के लिए उपलब्ध है। समूहों, संगठन, व्यापार और सरकारी संस्थान द्वारा ईमेल के उपयोग की अपेक्षा की जाती है।

इस पेज को जानबूझकर खाली छोड़ा गया है।

NEW YORK STATE | Department of Environmental Conservation

**अगस्त 2016**

**साइट तथ्य पत्र *ईमेल* से प्राप्त करें।** किस प्रकार सीखें "अधिक जानकारी के लिए" देखें।

**साइट का नाम:** पूर्व हाइग्रेड पालीशिंग और प्लेटिंग कं.
**DEC साइट #:** C241148
**पता:** 22-07 41st Avenue
Long Island City, NY 11101

क्या आपका कोई प्रश्न है? नीचे "किसको संपर्क करें" देखें

# ब्राउनफील्ड साइट के लिए जांच कार्य योजना का मसौदा सार्वजनिक टिप्पणी के लिए उपलब्ध

लोगों को मसौदा कार्य योजना पर अपनी टिप्पणियां करने के लिए आमंत्रित किया जाता है जिसकी समीक्षा न्यूयार्क स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ इनवायरमेंट कंजरवेशन [(New York State Department of Environmental Conservation (NYSDEC)] द्वारा पूर्व हाइग्रेड पॉलिशिंग एंड प्लांटिंग कंपनी साइट ("साइट"), 22-07 41st Avenue, Long Island City, NY में जांच की जाएगी। कृपया इस स्थान की जानकारी के लिए मानचित्र देखें। इस साइट की सफाई से संबंधित दस्तावेज इस साइट से "जानकारी कहां से प्राप्त करें" के तहत निर्धारित स्थानों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

**मसौदा अनुसंधान जांच कार्य योजना**
मसौदा अनुसंधान जांच कार्य योजना, जिसे "उपचारात्मक जांच कार्य योजना," कहलाती है को न्यूयार्क ब्राउनफील्ड क्लीनअप प्रोग्राम [New York's Brownfield Cleanup Program (BCP)] के तहत NYSDEC में प्रस्तुत किया गया। जांच उसी स्थान पर NYSDEC और न्यूयारक स्टेट डिपार्टमेंट आफ हेल्थ (NYSDOH) द्वारा की जाएगी।

**टिप्पणी किस प्रकार करें**
NYSDEC 30 दिन, **1 अगस्त 2016** से **30 अगस्त 2016** तक मसौदा अनुसंधान कार्य योजना के बारे में लिखित टिप्पणियां स्वीकार करेगा। प्रस्तावित योजना नीचे दिए गए स्थानों पर "जानकारी कहां से प्राप्त करें" के तहत समीक्षा के लिए उपलब्ध है। कृपया अपनी टिप्पणियां नीचे दिए गए "किससे संपर्क करें" स्थान में परियोजना संबंधित प्रश्न के तहत सूचीबद्ध NYSDEC प्रोजेक्ट मैनेजर के पास जमा की जा सकती हैं।

**प्रस्तावित साइट अनुसंधान की मुख्य विशेषताएं**
अनुसंधान मिट्टी, सतही जल, भूमिगत जल और पर्यावरण संबंधी किसी अन्य घटक जो प्रभावित हो सकता है, में प्रदूषण की प्रकृति और मात्रा की जांच को परिभाषित करेगा।

ये नमूने भारी धातु (जिनका उपयोग इलेक्ट्रोप्लांटिंग प्रक्रिया में किया जाता है) और मिट्टी और भूमिगत जल में क्लोरीनयुक्त द्रव (जिनका उपयोग सूखी सफाई या धातु से बने पुर्जों के निर्माण के लिए होता है) से प्रदूषण की मात्रा के निर्धारण के लिए उस साइट के नीचे या आसपास वाले क्षेत्रों से लिए जाएंगे।

ये नमूने इमारतों की छतों से यह पुष्टि करने के लिए भी लिए जाएंगे इलेक्ट्रोप्लांटिंग अपशिष्टों की सफाई उचित ढंग से की गई है या नहीं। ये नमूने बेसमेंट के नीचे एवं उस इमारत की भीतरी वायु से क्लोरीनयुक्त विलायक वाष्प के मिलने की संभावना को निर्धारित करने हेतु भी लिए जाएंगे।

**अगला चरण**

NYSDEC सार्वजनिक टिप्पणियों पर विचार करेगा, आवश्यकता के अनुरूप योजना को संशोधित करेगा और कार्य योजना को स्वीकृति प्रदान करेगा। NYSDOH इस योजना के साथ सहमति प्रदान करेगा। अनुमोदित कार्य योजना को लोगों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा ("जानकारी कहां से प्राप्त करें" देखें)। कार्य योजना को स्वीकृति दिए जाने के बाद, कार्य योजना में विस्तृत गतिविधियों को कार्यान्वित किया जाएगा।

अनुसंधान पूरा होने पर एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी और उसे एनवाईएसडीईसी में प्रस्तुत की जाएगी जिसमें परिणामों का सार शामिल होगा। NYSDEC रिपोर्ट की समीक्षा करेगा, आवश्यक संशोधन करेगा और उचित होने पर स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

अनुसंधान के बाद, सफाई योजना जिसे "उपचारात्मक कार्य योजना" कहा जाता है तैयार की जाएगी और निर्णायक दस्तावेज प्रस्तावित किया जाएगा। सफाई योजना में प्रस्तावित स्थलीय उपचार का मूल्यांकन शामिल होगा, या कोई कार्रवाई नहीं करने की अनुशंसा करेगा या कोई अग्रिम कार्रवाई का विकल्प नहीं होगा। सफाई योजना का लक्ष्य सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा को सुनिश्चित करना है। NYSDEC प्रस्तावित कार्य योजना जनता के लिए समीक्षा एवं टिप्पणी करने हेतु 45 दिन का समय दिया जाएगा। NYSDEC द्वारा साइट के अनुसंधान और सफाई के बारे में जनता को जनकारी दी जाएगी।

**पृष्ठभूमि**

स्थान:
यह साइट एनवाई, क्वीन्स के लांग आयलैंड सिटी (Long Island City section of Queens, NY) में स्थित है। यह साइट 22nd और 23rd Streets के बीच 41st Avenue की उत्तरी दिशा में स्थित है।

स्थान की विशेषताएं:
यह स्थान आकार में लगभग 2,500 वर्ग फुट है और यह भू-गृह के साथ 4- मंडिला इमारत द्वारा पूरी तरह ढका हुआ है। भूभाग साइट के बिलकुल पश्चिम में एक बहु-मंजिला इमारत के तौर पर निर्माणाधीन है। महानगर परिवहन प्राधिकरण संपत्ति (एफ ट्रेन) संपत्ति की दक्षिणी ओर से 41वें एवेन्यू के नीचे से सीधी चलती है। न्यूयार्क नगर (NYC) आवास प्राधिकरण संपत्ति (क्वीन्सब्रिज हाउसिस) संपत्ति के लगभग पश्चिमी 1.5 ब्लॉक्स पर स्थित है।

वर्तमान क्षेत्रीकरण और भूमि उपयोग:
इस साइट का क्षेत्रीकरण निर्माण के लिए किया गया है। यह साइट फिलहाल खाली है और इसका व्यापक नवीकरण चल रहा है। आस-पास का स्थान सामान्यतः व्यवसायीकरण के उद्देश्य से प्रयोग होता है।

इस साइट का पूर्व उपयोगः
यह संपत्ति पहले विद्युत आवरण सुविधा द्वारा 1962 से 2012 तक प्रयोग में लाई गई थी। अगस्त 2012 में विभाग के उफपरी निरीक्षण द्वारा इस इमारत में विभिन्न प्रकार के रासायनों से भरे 100-55 गैलन ड्रम, दर्जन से उफपर प्लेटिंग बाथ और रिनसेट टैंक के साथ-साथ भारी दाग वाली दीवारें और फर्श मौजूद पाए गए थे। नए संपत्ति मालिक ने NYC पर्यावरण संरक्षण विभाग के कमिश्नर की आज्ञा के अनुसार सीमित सफाई कार्य आरंभ किया। यह कार्य अप्रैल 2013 को प्रारंभ हुआ और इसमें (क) सभी प्लेटिंग बाथ और टैंको को खाली करना (ख) सभी 55 गैलन ड्रमों का निवारण करना और (ग) चिकनाहट से भरे फर्श और दीवारों का निवारण करना सम्मिलित था। यह कार्य जून 2013 को पूरा हुआ।

साइट भूविज्ञान और हाइड्रोज्योलॉजी:
सीमित हस्तक्षेप करने वाले नमूने तिथि तक संपत्ति पर आयोजित किए गए। मिट्टी करीब 10 फुट नीचे सूक्ष्म रेत से मिलकर, अनिर्धारित घनता की गादभरी मिट्टी की एक परत का अनुगमन करती है। भूजल जमीन के लगभग 13 फुट नीचे प्राप्त हुआ। भूजल के बहाव की दिशा स्थानीय रूप से निर्धारित नहीं होता लेकिन पूर्वी नदी की ओर पश्चिमी दिशा में इसकी संभावना होगी।

साइट का अतिरिक्त विवरण, पर्यावर्णीय और स्वास्थ्य मूल्यांकन के सारांश सहित NYSDEC की वेबसाइट पर उपलब्ध है:
http://www.dec.ny.gov/cfmx/extapps/derexternal/haz/details.cfm?pageid=3&progno=C241148

**ब्राउनफील्ड सफाई कार्यक्रम:** न्यूयार्क ब्राउनफील्ड सफाई कार्यक्रम (BCP) को "ब्राउनफील्ड" के तौर पर जाने जाने वाले दूषित गुणों को स्वैच्छिक रूप से साफ करने हेतु प्रोत्साहित करें ताकि वे पुनः उपयोग और पुनः विकसित हों। इन प्रयोगों में पुनःनिर्माण, आवासीय और व्यवसाय या अन्य प्रयोग सम्मिलित हो सकते हैं।

एक **ब्राउनफील्ड** साइट कोई वास्तविक प्रोपर्टी है जहां दूषित पदार्थ आवश्यकता से अधिक मौजूद हैं मिट्टी सफाई उद्देश्य या अन्य स्वास्थ्य आधारित या पर्यावरण मानकों, मानदंड या मार्गदर्शन जो DEC द्वारा अपनाए गए हैं जो प्रापर्टी के यथोचित अनपेक्षण पर आधारित अनुकूल नियम के साथ तालमेल में अनुकूल हैं।

BCP के बारे में अधिक जानकारी के लिए, देखें: **http://www.dec.ny.gov/chemical/8450.html**

**अधिक जानकारी के लिए**

**जानकारी कहां से प्राप्त होगी**
परियोजना दस्तावेज लोगों की सहायता और जानकारी देने के लिए निम्नलिखित स्थानों पर उपलब्ध हैं

Queens Community Board 1
Attn: Florence Koulouris
District Manager
45-02 Ditmars Boulevard
Astoria, NY 11105
फोन: 718-626-1021
ईमेल: qn01@cb.nyc.gov

Queens Library, Long Island City Branch
Attn: Tienya Smith
37-44 21st Street
Long Island City, NY 11101
फोन: 718-752-3700
ईमेल: tsmith@queenslibrary.org

**किस से संपर्क करें**

टिप्पणियों और प्रश्नों का सदैव स्वागत है और यह निम्न को निर्देशित किए जाने चाहिए:


<u>परियोजना संबंधित प्रश्न</u>
David Harrington
NYS Department of Environmental Conservation
Division of Environmental Remediation
625 Broadway
Albany, NY 12233-7016
फोन: 518-402-9768
ईमेल: david.harrington@dec.ny.gov

<u>स्वास्थ्य साइट-संबंधित प्रश्न</u>
Dawn Hettrick
New York State Department of Health
Empire State Plaza Corning Tower Room 1787
Albany, NY 12237
फोन: 518-402-7860
ईमेल: BEEI@health.ny.gov


**हम आपको इस तथ्य पत्रक को अपने पड़ोसियों और किरायदारों से सांझा करने के लिए तथा/अथवा यह तथ्य पत्रक अन्यों को देखने के लिए अपनी इमारत के मुख्य क्षेत्र पर करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।**


**ईमेल द्वारा साइट तथ्य पत्रक प्राप्त करना**



साइट जानकारी होना जैसे यह तथ्य पत्रक आपके ईमेल के इनबॉक्स में भेजना। NYSDEC आपको एक या अधिक संदूषित साइटों से जुड़ने के लिए आमंत्रित करता है काउंटी ईमेल लिस्टसर्वस निम्नलिखित वेबपेज पर उपलब्ध है: http://www.dec.ny.gov/chemical/61092.html यह त्वरित है, यह निशुल्क है और यह आपको *बेहतर जानकारी* उपलब्ध करवाने में सहायक होगी।

एक लिस्टसर्व सदस्य के तौर पर आप समय-समय पर आपके द्वारा चुने गए देशों में सभी संदूषित साइटों के लिए साइट से संबधित जानकारी/उद्घोषणाएं प्राप्त करेंगे।

नोट: कृपया उपेक्षा करें यदि आपने पहले से ही साइनअप किया हुआ है और इलैक्ट्रॉनिकली यह तथ्य पत्रक प्राप्त कर चुके हैं।




feet 1000
meters 300